**केन्द्रीय विद्यालय** सीतापुर

**प्रथम** आवधिक **परीक्षा (2023-24)**

**विषय:- हिन्दी**

**कक्षा:-6** **पूर्णांक:- 40** **समय:- 1:30 घंटे**

प्रश्न सं. **1)** अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x5=5**

नदियाँ माता स्वरूपिणी हैं। मानवसभ्यता के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मानव जीवन के लिए यह आवश्यक है। ये जीवनदायिनी हैं। नदियों के किनारे ही मानव ने अपनी पहली बस्ती बसाई और खेती करना शुरू किया। नदियों के जल ने सिंचाई तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आधुनिक युग में पनबिजली परियोजना नदियों पर ही निर्भर है। इतना ही नहीं सदियों से नदियाँ गाँवों और शहरों की गन्दगी भी अपने साथ बहाकर ले जाती रही है , फिर भी वे हमारे लिए कल्याणकारी हैं।

क- मानव ने अपनी पहली बस्ती कहाँ बसाई ?
ख- नदियों ने मानव जीवन में क्या योगदान दिया है ?
ग- नदियों पर कौन सी परियोजना निर्भर है ?
घ- नदियों को माता क्यों कहा गया है?
च- गद्यांश का उचित शीर्षक क्या है ?

प्रश्न**(2)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। **(1x7=7)**

(क) 'वीर ' शब्द का विलोम शब्द है-

(१)डरपोक (२)बहादुर (३)कमज़ोर (४)कायर

(ख) 'हवा' का पर्यायवाची शब्द है-

(१)मेघ (२)पवन (३)सरिता (४) तोय

(ग) बचपन पाठ के लेखक कौन हैं?

(i) कृष्णा सोबती (ii) प्रेमचंद (iii) विनय महाजन (iv) विष्णु प्रभाकर

(घ)चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे?

(i) छत पर (ii) कार्निस पर (iii) खिड़की पर (iv) पेड़ पर

(च) केशव और श्यामा ने चिड़ियों के खाने के लिए क्या बिखेरा?

(i) गेहूँ (ii) मक्का (iii) चावल (iv) जौ

(छ) चिड़िया को किन चीज़ों से प्यार है?

(i) नदी से (ii) जंगल से (iii) अन्न से (iv) उपर्युक्त सभी

(ज) इनमे से गलत वर्तनी वाला शब्द है -

(क) आर्शीवाद (ख) उज्ज्वल (ग) स्वतंत्रता (घ)आविष्कार

प्रश्न **3)** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। **(2x5=10)**

पिछली सदी में तेज़ रफ़्तारवाली गाड़ी वही थी। कभी-कभी हवाई जहाज देखने को मिलते। दिल्ली में जब भी उनकी आवाज आती, बच्चे उन्हें देखने बाहर दौड़ते। दीखता एक भारी-भरकम पक्षी उड़ा जा रहा पंख फैलाकर। यह देखो और वह गायब ! उसकी स्पीड ही इतनी तेज लगती। हाँ , गाड़ी के मॉडल वाली दुकान के साथ एक और ऐसी दुकान थी , जो मुझे कभी नहीं भूलती। यह वह दुकान थी जहाँ मेरा पहला चश्मा बना था। वहाँ आँखों के डॉक्टर अंग्रेज थे।

(1) तेज़ रफ़्तारवाली गाड़ी का नाम बताएँ।
(2) पिछली शताब्दी की और कौन सी विशेष चीज थी ?
(3) लेखिका किस दुकान को कभी नहीं भुला पायी?
(4) पाठ और लेखिका का नाम बताएँ।
(5) 'दुकान' शब्द से वाक्य बनाइए।

**प्रश्न 4)** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **100** शब्दों का एक अनुच्छेद लिखें **– 5**

**1)** विद्यालय में मेरा प्रथम दिन  ख**)** मेरा दसवाँ जन्मदिन  ग**)** मेरी पहली रेल यात्रा

**प्**्रश्न **5)** निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दें। **(2x4=8)**

क) कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है ?
ख) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी ?
ग ) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा? चश्मा लगाने पर उनके भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे ?
घ ) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी?
च) कविता की इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करो:- रस उँडेलकर गा लेती है।

बाल राम कथा

प्रश्न **6 )** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

क) अनुष्ठान के अंतिम दिन क्या हुआ ? 2
ख) सबसे पहले रामायण किसने लिखी एवं किस भाषा में लिखी ? 2
ग) राजा दशरथ को किस बात का दुःख था ? 1